## अंत्येष्टि स्थल से अतिक्रमण हटवाया

**सूरौठ।** थाना अन्तर्गत ग्राम ढिंढोरा में योगी समाज के अंत्येष्टि स्थल पर समाज के ही कुछ लोगों के द्वारा कर रखे अतिक्रमण को सूरौठ तहसीलदार गजानंद मीणा सूरौठ प्रशिक्षु डीएसपी अशोक जोशी थाना प्रभारी कैलाश चंद बैरवा कि उपस्थित में करवाया गया ध्वस्त तहसीलदार मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि योगी समाज के द्वारा समाज के ही तीन चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया।

जगदीश प्रसाद योगी विजेन्द्र योगी रघुवीर योगी बाबूलाल योगी काडु नाथ योगी जल्लीराम योगी राकेश योगी रामभरोसी योगु रामहरि प्रेमराज योगी सहित सभी लोगों ने सूरौठ तहसीलदार गजानंद मीणा ढिंढोरा ठााम विकास अधिकारी विक्रम बेनीवाल सरपंच प्रतिनिधि गंगा प्रसाद बंडा पटवारी व सूरौठ प्रशिक्षु डीएसपी अशोक जोशी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों का जताया आभार जगदीश योगी ने बताया कि सर्व योगी समाज 70 से 80 वर्षों से वही पर समाधि देते चले आ रहे हैं ये तीन चार लोग अंत्येष्टि स्थलों में दबे शवों को बाहर निकालने की कोशिश बार बार करता था जिस पर इनके खिलाफ सूरौठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# बाढ़ करसोली में विधायक कोष से 28 लाख से ज्यादा के विकास कार्य हुए

**हिण्डौन सिटी।** विधायक भरोसी लाल जाटव ने राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान ग्राम पंचायत बाढ़ करसोली में शिविर का निरीक्षण किया एवं मुख्यमंत्री वारंटी कार्ड वितरित किए।

इस दौरान विधायक भरोसी लाल जाटव के साथ नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव हिंडौन एसडीएम सुरेश हरसोलिया, हिंडौन देहात ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह डागुर, शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नरसी पाराशर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बाढ करसोली सरपंच राजकुमारी जाटव एवं सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी दिनेश जाटव सहित सर्व समाज के पंच पटेलों ने विधायक भरोसी लाल सहित सभी अतिथियों का माला एवं साफा बाधकर स्वागत किया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार जाटव ने कहा कि ग्राम पंचायत बाढ़ करसोली में विधायक कोष से 28 लाख से ज्यादा के विकास कार्य किए गए हैं एवं पंचायत समिति से भी इस ग्राम पंचायत में काफी विकास कार्य हुए हैं।



विधायक भरोसी लाल जाटव ने करसोली में शिविर का निरीक्षण कर वारंटी कार्ड वितरित किए।

सभापति बृजेश जाटव ने बताया कि आमजन और वंचित वर्ग को महंगाई से राहत देने के लिए उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई जनउपयोगी घोषणाएं की है। इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुँचाने तथा मिशन मोड में प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु महंगाई राहत कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। मंहगाई राहत कैम्पों में 10 योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा हैं। उक्त योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु अपने नजदीकी कैम्प में आवश्यक रूप से स्वयं अथवा अपने परिजन के माध्यम से उपस्थित हो योजनाओं में पंजीकरण करावें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की जनता की समस्या को बखूबी जाना तो उन्होंने आम जनता को सीधा लाभ देने के लिए यह योजनाएं लागू की और इन योजनाओं की कानून बनाकर गारंटी भी दी पहले व्यक्ति इलाज कराने के लिए कर्ज लेने को मजबूर होता था किसानों की खेती तक बिक जाती थी इसे देखते हुए 10 लाख की बीमा राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया आप राजस्थान के किसी भी बड़े हॉस्पिटल में जाकर अपना निशुल्क इलाज करा सकते हैं उन्होंने बताया कि किसानों के लिए 2000 यूनिट बिजली फ्री एवं घरेलू कनेक्शनों में 100 यूनिट बिजली फ्री सुविधा हमारी सरकार ने दी हैं।

## सार-समाचार

### बहुजन राज अधिकार यात्रा निकाली

**करौली** (नि.स.) करौली जिले की सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के गाम महोली, नयापुरा, दलापुरा, करसाई आदि जगह-जगह पहुंच बहुजन राज अधिकार यात्रा के तहत मिशन 2023 एवम कैलादेवी में 24 जून 2023 को सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी हेतु मंगलवार को नुक्कड़ सभाएं कर आम जन से संपर्क किया जिसके मुख्य अतिथि विजय कुमार बैरवा जिला प्रभारी, दौलत सिंह जाटव,शिव सिंह जाटव, जिला अध्यक्ष जमुना लाल जाटव, कमल बैरवा, जमुना लाल मामचारी, नरेश भांकरी आदि साथ में रहे

### पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया

**करौली** (नि.स.)। नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बढ़ते साइबर क्राइम को गंभीरता से लेते हुए जिले जिले के पुलिस कर्मचारियों को युद्ध स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जीरो टोलरेंस अगेंस्ट साइबर फ्रॉडडस्टेर्स एक्शन प्लान के तहत आधुनिक साइबर सुरक्षा परिदृश्य में पुलिसकर्मियों को अधिक प्रभावशाली सक्षम और सफल बनाने की लिए सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग को सतत व परिणामोन्मुखी ढंग से उपयोग में ले कर युद्ध स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे साइबर क्राइम पर अंकुश लगेगा।

### नशे के दुष्प्रभाव की दी जानकारी

**करौली** (नि.स.)। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र द्वारा विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर महिलाओं एवं बच्चों में नशा मुक्ति की जानकारी प्रदान की। नशे के दुष्प्रभाव से होने वाले परिणामों के बारे में जानकारी देकर नशा मुक्ति हेतु गांव गांव के लोगों को जागरूक किया साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावास अधीक्षकों द्वारा जिले में चल रहे विभिन्न कैंपों में ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी।

# भाजपा सोशल मीडिया माध्यम के जरिए चलाएगी कैंपेन

**गंगापुर सिटी ।** भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी की सोशल मीडिया कार्यशाला सोमवार को जयपुर रोड बाईपास स्थित आर के रेस्टोरेंट में आयोजित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 9 वर्ष के उपलक्ष्य में सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आई टी विभाग एवं सोशल मीडिया से जुडे दायित्वमान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यशाला में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, विस्तारक योजना संभाग प्रभारी राजवीर सिंह, सभापति शिवरतन अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी केदार लाल मीणा मंचासिन रहें। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट गीत वंदे मातरम् के साथ किया। जिसमें आई टी विभाग एवं सोशल मीडिया के पदाधिकारियों से संवाद किया गया। अभी ने अपने अपने सुझाव दिए। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी मैदान में उतर चुकी हैं। सोशल मीडिया प्रचार के लिए टीम बना रही हैं। बीजेपी ने अपना समीकरण बनना चालू कर दिया है।सोशल मीडिया वॉरियर तैयार कर रही है जो सोशल मीडिया पर बीजेपी का प्रचार करेंगे।सोशल मीडिया संचार के माध्यमों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सोशल मीडिया विभाग में काम करने वाले सभी पदाधिकारी सोशल मीडिया वॉरियर हैं। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों सहित पार्टी की गतिविधियों और कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक जनता के बीच पहुंचाना हैं। प्रत्येक बूथ स्तर पर सोशल मीडिया वॉरियर्स के माध्यम से बेहतर ढंग से केंद्र सरकार और पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। विस्तारक योजना संभाग प्रभारी राजवीर सिंह ने सोशल मीडिया का उपयोग कहां-कहां और किस तरह करना है, इसकी जानकारी दी उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले हमें अभी से सक्रिय होने की आवश्यकता है, ताकि चुनाव के पहले से बेहतर परिणाम आ सके। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि पार्टी की गतिविधियों को भी लोगों तक पहुंचाए। बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को रोजाना सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा प्रभारी केदार लाल मीणा ने सोशल मीडिया के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स हैं और हर प्लेटफॉर्म एक अलग तरह के यूजर को अपील करता है। रणनीति बनाते हुए अभी तक हमारी सोशल मीडिया योजना में सभी प्लेटफॉर्म्स को एक साथ रखा जाता था, लेकिन फेसबुक अपने आप में एक बडा प्लेटफॉर्म है, जबकि व्हाट्सएप की पहुंच बूथ स्तर तक है,इंस्टाग्राम युवाओं को आकृष्ट करता है. इसलिए हमने तय किया कि इन सब प्लेटफॉर्म्स के लिए अलग-अलग कार्यकर्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## शिविर सेमिनार आयोजित

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। 14 जून पूरे विश्व में विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग हिंडौन सिटी द्वारा 14 जून बुधवार 9 बजे से 2 बजे तक जिला अस्पताल हिंडौन सिटी एवं निर्मल महाविद्यालय हिंडौन सिटी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ पुष्पेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर को सफल बनाने हेतु जिला चिकित्सालय एवं ब्लॉक चिकित्सा विभाग की टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं एवं विभागों में संपर्क कर रक्तदान के संबंध में जागरूकता तक लाने का प्रयास किया इसी क्रम में एक सेमिनार निर्मल कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें बीसीएमओ डॉक्टर दीपक चौधरी फिजिशियन डॉ आशीष कुमार शर्मा, मुकेश जैन भारत विकास परिषद स्थानीय विद्यालय प्रशासन एवं कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस दौरान इस दौरान डॉ आशीष शर्मा ने बताया की मानव रक्त का कोई भी विकल्प अभी तक दुनिया में उपलब्ध नहीं है ।

# भाजपा का विशेष लोकसभा अभियान 30 से

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी हिण्डौन सिटी विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक क्यारदा के बालाजी के मंदिर पर सम्पन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह मीना ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 30 मई 2023 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार सफलतम 9 वर्ष पूर्ण किये है।

इस अवसर पर 30 जून 2023 तक भाजपा संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम सभी जिला ,मण्डल ,शक्ति केन्द्र एवं बूथ पर आयोजित किए जायेंगे तथा विशेष लोकसभा अभियान लोकसभा क्षेत्रों में चलाया जायेगा। मीना ने बताया कि लोकसभा एवं विधानसभा,मण्डल स्तर पर कार्यक्रम किये जायेंगे। योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 लाख बूथों पर वर्चुअल संवाद (23 जून). 20 जून से 30 जून तक घर -घर अभियान रहेगा।

हिण्डौन सिटी में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

मीना ने बताया कि विधानसभा मे संयुक्त मोर्चा सम्मेलन ,लाभार्थी सम्मेलन ,योग दिवस पर कार्यक्रम ।मीना ने कहा कि 20 जून से 30 जून तक बूथ पर घर-घर अभियान में 9 बर्ष की उपलब्धियों पर जनता में चर्चा करना। मिस्डकॉल कराना। स्टीकर लगाना, साहित्य एवं प्रचार सामठी देना /वितरित करना। मीना ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत राजस्थान में 36 लाख से अधिक परिवारों को दिये गए नल से जल कनेक्शन। कोविड-19 महामारी के दौरान राजस्थान में 4 करोड से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मिला नि:शुल्क राशन। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 83 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण किया।

## पुलिस अधीक्षक का स्वागत

**करौली** (नि.स.)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव राजेश गोयल ने आईपीएस अधिकारी ममता गुप्ता का करौली जिला के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण करने पर अग्रवाल समाज के प्रमुख लोगो के साथ उनके कार्यालय जाकर फूल-माला,पुष्पगुच्छ,साफा दुपट्टा एवं भगवान अग्रसेन जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

सचिव राजेश गोयल ने कहा की अग्रवाल समाज की प्रतिभाएं देश और दुनिया के कोने-कोने में समाज का नाम रोशन कर रही है कठिन परिश्रम कर आमजन को सराहनीय सेवा देकर युवा पीढी को प्रोत्साहित कर रही हैं अपने समाज के युवाओं से अपने कार्य क्षेत्र में परिश्रम करते हुए ऊंचा मुकाम हासिल करने का आह्वान किया इस अवसर पर नगर परिषद करौली की पूर्व चेयरमैन कमलेश गुप्ता,अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष एवं ट्रस्टी गोविंद तमखेरा,पूर्व पार्षद नरेश बंसल, सुमित गर्ग,शिक्षाविद भावना गुप्ता,व्यापार संघ के उपाध्यक्ष हेमंत मंगल सहित अग्रवाल समाज के प्रमुख लोग पस्थित रहे।

# घेराव में बामनवास भाजपाई शामिल हुए

**बामनवास।** उपखंड क्षेत्र सहित पुरे जिले के विभिन्न जगहों से जन आक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में सैक्ड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व युवाओ का हुजुम शामिल हुआ ।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के जंगलराज भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश महा घेराव भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन आक्रोश महाघेराव में बामनवास सहित पुरे जिले भर से भाजपा युवा नेता अनंत बड़िला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए इस कार्यक्रम में शामिल हुए युवाओं में जोश देखने को मिला कांठोस सरकार में बेरोजगार युवाओं के साथ कुठार घात किया है कांठोस सरकार मैं ज्यादातर है भर्ती आए भर्तियों का पेपर लीक हुआ है लेकिन आज तक मुख्य आरोपी गिरफ्त से दूर है और रीट पेपर में मंत्री विधायकों का हाथ हैं लेकिन सरकार इसकी निष्पक्ष जांच नहीं कर रही सीबीआई से जांच होती तो आज कांठोस के कहीं विधायक और मंत्री जेल की सलाखों के पीछे होते हैं कांठोस सरकार युवाओं के साथ उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है भ्रष्टाचारी बेरोजगारी विभिन्न मांगों को लेकर इस महाघेराव में कांठोस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जिसमे वामनवास व गंगापुर सिटी युवा नेता राहुल गोयल महेंद्र जोगी राकेश फुलवाड़ा अवधेश बैसला विकास अरनिया नरेश राजेश शिवराज हेमंत हरकेश भोला लेखराज शिवकेश कपिल संदीप धीरज पुस्पेंद्र उत्तम ऋषि संजय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**फील्ड विजिट :** भरतपुर ग्राम पंचायत रारह में भरतपुर जिले के नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत रारह के विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया गया। उक्त सभी कार्यों का सभी नवनियुक्त ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा कार्यों को बहुत शनदार प्रशंसा की।

## सीएचसी का औचक निरीक्षण

**करौली** (नि.स.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक सहज और समय अनुरूप पहुंच की जानकारी के लिए सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने सीएचसी कुडगांव का औचक निरीक्षण किया जहां इंचार्ज अनुपस्थित मिला जिसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

सीएमएचओ डॉ. मीणा ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर उपस्थित कार्मिकों की स्थिति जांची जिसमें इंचार्ज अनुपस्थित पाया गया उन्होंने संस्था पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए जांच कक्ष,भर्ती कक्ष,प्रसूता वार्ड और जनरल भर्ती वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

उन्होंने प्रसूताओं से जानकारी जताते हुए कोल्ड चैन मे रखी वैक्सीन का बीबीएम जांचा उन्होंने जांच दौरान पाई खामियों को जल्द ठीक कराने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कुछ खामियां मिली ।

# हैरिटेज लाइटिंग कार्य का किया शिलान्यास

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास योजना के चतुर्थ चरण के तहत् लक्ष्मण मन्दिर पर 71 लाख रुपये की लागत से होने वाले हैरिटेज लाइटिंग कार्य का तकनीकी षिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने षिलान्यास किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर अभिजीत कुमार ने की तथा विषिष्ठ अतिथि के रूप में उप महापौर गिरीष चौधरी, नगर निगम के आयुक्त सुभाष गोयल, नगर विकास न्यास के सचिव कमलराम मीणा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दयाचन्द पचौरी व शहर के पार्षद उपस्थित थे। शिलान्यास के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि भरतपुर के धरोहर स्थलों का सौन्दर्यकरण होने के बाद निष्चय ही पर्यटन गति विधियों में इजाफा होगा जिससे रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि भरतपुर की ऐतिहासिक धरोहरों में जो पच्चीकारी, षिल्प सौन्दर्य एवं बेहतरीन बनावट की वजह से पर्यटकों का आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। जब इनका सौन्दर्यकरण हो जायेगा तो पर्यटक निष्चय ही केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को निहारने के बाद इन केन्द्रों को देखने अवष्य आयेंगे। उन्होंने परियोजना के अधिकारियों को निदेष दिये कि शहर सौन्दर्यकरण के कार्यों में गुणवत्ता पर विषेष ध्यान दें। प्रारंभ में परियोजना के अधीक्षण अभियन्ता नेमीचन्द पंवार ने बताया कि लक्ष्मण मन्दिर पर बिजली की कम खपत वाली एलईडी लाइटें लागई जायेंगी। जिसमें स्पॉट लाईट, स्ट्रिप लाईट, लीनियर लाईट, वॉल वाषर जैसी लाईटें शामिल होंगी। रोषनी के लिए अप लाईटर और डाउन लाईटर का इस्तेमाल किया जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि शहर सौन्दर्यकरण के लिये आवंटित राशि में से टाउन हॉल परिसर का संरक्षण और पुर्नविकास, नेहरू पार्क का संरक्षण, शहर के प्रमुख 10 गेटों का सौन्दर्यकरण , गंगा मन्दिर व जामा मस्जिद के अग्रभाग पर हैरिटेज रोषनी, सलिग्राम कुण्ड व वृजेन्द्र विहारी कुण्ड का संरक्षण व पुर्नविकास का कार्य कराया जायेगा।

## भाजपा ने टिफिन-वे कार्यक्रम मनाया

**करौली** (नि.स.) । विधानसभा करौली मे भाजपाइयों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के पूरे होने के अवसर पर टिफिन-वे कार्यक्रम का आयोजन रणगमा ताल पर पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह धाभाई,जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह,करौली शहर मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा उर्फ योगी,महामंत्री आशीष जैन,अजय पाल,गजेंद्र सिंह मीणा,नंदकुमार,अशोक वर्मा, द्वारका प्रसाद गुप्ता,नेता प्रतिपक्ष कुलदीप सिंह धाभाई,कपिल मित्तल,उत्तम सिंह जादौन,पार्षद दीपक, भैरों सिंह गुर्जर,राजकुमारी गुर्जर,गोपाल सिंह गुर्जर,रूप सिंह गुर्जर,धन सिंह चौहान,दिनेश माली आदि भाजपा कार्यकर्ता टिफिनो मे अपने घर से बनाये हुऐ खाने को लेकर रणगमा ताल पर पहुँचे ।

# ब्राह्मण महासंगम 3 सितम्बर को

**भरतपुर** (निस)। सर्व ब्राह्मण महासभा ने महासंगम को लेकर जन जागरण कार्यक्रम षुरू कर दिये हैं। इसी विशय पर चर्चा एवं प्रेस कांफ्रेंसिंग हेतु भरतपुर में सर्व ब्राह्मण महासभा के राश्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेष मिश्रा सारस चौराहा स्थित सन एण्ड स्टार होटल में पधारे। जिसमें पंडित सुरेष मिश्रा ने भगवान परषुराम को दीप प्रज्वलित व स्मरण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया।

कार्यक्रम में पंडित सुरेश मिश्रा ने महासंगम से समाज के लोगों को अवगत कराते हुये बताया कि सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आगमी 3 सितम्बर को जयपुर में ब्राह्मणों का महासंगम होगा। जिसकी शुरूआत दौसा, लालसोठ, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी व टोंक से हो चुकी है। जिसमें प्रदेष के हर बूथ से कम से कम 10 ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेष के कुल 51000 वोटों पर समाज के बंधुओं से संपर्क किया जाएगा, और 200 विधानसभाओं के प्रभारी बनाये जा रहे हैं। इसी दौरान महासंगम को लेकर जिलाध्यक्ष पंडित ताराचंद षर्मा ने अपने वकतव्य में बताया कि 3 सितम्बर को आने वाले महासंगम के प्रति समाज का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस लिए इस बार पहली बार प्रदेष की 200 की 200 विधानसभाओं से समाज बंधुओं को जयपुर बुलाया जाएगा और समाज हित में जो भी निर्णय इस महासंगम में लिए जायेंगे।

उन्हें समाज के हर तबके तक पहुंचाया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि इस महासंगम में ब्राह्मण अस्मिता को मजबूत करने , समाज को एकजुट करने साथ ही राजनैतिक एवं सामजिक रूप से समाज की ताकत को बढाना एकमात्र उद्धेष्य होगा। मुख्य ऐजेन्डे के रूप में 14 प्रतिशत आरक्षण करने की मांग, भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना आदि मांगे रखी जायेगी।

# पंचायत राज्य मंत्री ने पद दंगल कार्यक्रम में शिरकत की

सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के बाढ सलेमपुर गांव में ग्रामीणों ने मंत्री रमेश मीणा का 51 किलो कि माला पहनाकर स्वागत किया।

**करौली** (नि.स.) ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने मंगलवार को सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के बाढ सलेमपुर गांव पद पद दंगल कार्यक्रम में शिरकत की जिसमें मंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से पुरानी संस्कृति जीवित रहती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है इस मौके पर सभी माता बहनों एवं बड़ों से आग्रह किया कि सभी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें जिससे समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन हो। गांव के पंच पटेल एवं ग्रामीणों ने मंत्री को 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया इस मौके पर जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा,रामसहाय मीणा गुरदह,जलधारी मीणा, प्रतिनिधि पंचायत समिति प्रधान करौली एवं ग्रामवासी मौजूद रहे एवं मंत्री ने अपने विधायक कोष से अंबेडकर भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की ।

## कांग्रेस कमेटी सचिव का स्वागत

**करौली** (नि.स.)। करौली शहर कि मुस्लिम बस्ती स्थित ढोलीखार मोहल्ला के मौलाना आजाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि आज करौली जिले में कांग्रेस बहुत मजबूत है आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस विजय होगी इसके लिए हम सब कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करके कांग्रेस को मजबूत करना है और विजई बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याओं के बारे में कहां की जिला एवं राज्य प्रशासन से कोई भी कार्य हो तो मे आपके साथ हमेशा तैयार हू कार्यक्रम में करौली शहर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष लियाकत अली ने सबका धन्यबाद व्यक्त किया इस अवसर पर बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन अनिल शर्मा, पीसीसी सदस्य महेंद्र सूरौठिया, कांग्रेस कमेटी के पूर्व देहात ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मीणा एवं पूर्व जेजेबी सदस्य माधव हरदैनिया का भी माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया।

# मंत्री ने राहत शिविर में शिरकत की

मण्डरायल के चंदेलीपुरा गांव में मंहगाई राहत शिविर में पंचायत राज्य मंत्री रमेश मीणा ( बीच में ) ने शिरकत की।

**करौली** (नि.स.)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चंद मीणा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत चंदेलीपुरा के महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान कार्यक्रम के कैंप में शिरकत की।

इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच पटेलों द्वारा मंत्री का 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री ने ग्राम वासियों से अपील की कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत कैंप में 10 योजनाओं का लाभ उठाएं जिसमें नरेगा में 125 दिन का कार्य,500 में गैस सिलेंडर,1000 रुपये पेंशन,100 यूनिट बिजली बिल मुफ्त,मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना,निशुल्क चिरंजीवी स्वास्थ्य जिसमें 25 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है का रजिस्ट्रेशन कराकर आदि का लाभ उठाएं और प्रशासन गांव के संग अभियान में अपने वंचित कार्यों को करावे इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताई जिसका मौके पर अधिकारियों को निर्देश देकर हल करने के निर्देश दिए साथ ही ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या से मंत्री को अवगत कराया इस पर मंत्री ने कहा कि आपके गांव एवं ढाणियों में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल योजना का कुछ ही दिनों में कार्य शुरू होने वाला है शीघ्र ही आपकी पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा इस मौके पर ग्रामीणों ने एक तालाब की मांग रखी जिसके लिए मंत्री रमेश मीणा ने नरेगा योजना अंतर्गत तालाब निर्माण के लिए बीडीओ को निर्देशित किया।

## अभिनंदन किया

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रांतीय मंत्री रामदयाल मीणा और जिला अध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता के नेतृत्व में और पदाधिकारियों ने आज विशेष अधिकारी डॉक्टर अंजली राजोरिया गंगापुर सिटी का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। साथ ही श्रीमान माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार जयपुर के नाम ज्ञापन विशेष अधिकारी महोदया गंगापुर सिटी को दिया।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य गोपाल यादव पुत्र हरनाथा यादव एवं श्रीमती फूलादेवी पत्नी गोपाल यादव जाति अहीर निवासीगण, ग्राम पोस्ट डीडवाडी, तहसील बौली, जिला सवाई माधोपुर राजस्थान का पुत्र राकेश यादव मेरे अभिभाष्य से अलग रहता है एवं कहने सुनने में नही है तथा उसका व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति ठीक नही है इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र राकेश यादव को अपनी चल अचल सम्पति व अपने जीवन से बेदखल कर दिया है। अब मेरे अभिभाष्यगण का राकेश यादव से कोई लेना देना व सम्बन्ध सरोकार नही है। यदि कोई व्यक्ति राकेश यादव से किसी प्रकार का संव्यवहार किया है या करता है तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी इसके लिए मेरे अभिभाष्यगण किसी प्रकार से जिम्मेदार नही रहेंगे। सूचित रहें।
दिनांक-13.6.2023 खेमचन्द सैनी, एडवोकेट मो.-9351717175

**कार्यालय ग्राम पंचायत रूंधपुरा,**
**पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:- 07 दिनांक:- 13.06.2023

**ई-निविदा सूचना 01/2023-24**

ग्राम पंचायत रूंधपुरा, पं.स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स से दिनांक 31.03.2024 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रूंधपुरा
पंचायत समिति मासलपुर,
जिला करौली

सरपंच
ग्राम पंचायत रूंधपुरो
पंचायत समिति मासलपुर,
जिला करौली